(Pages : 5) **S 3023**

SSLC EXAMINATION, MARCH - 2026
HINDI
Third Language

Time : 1½ Hours Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

> शिक्षक दिवस के अवसर पर पूरे देश में अनगिनत शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। मेरे शहर में मेरा भी कई बार सम्मान हो चुका है। लेकिन उस रात को, भय और आतंक के साये में ही सही, मुझे जो सम्मान मिला, वह अपूर्व था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक शिक्षक के रूप में मेरा सर्वश्रेष्ठ सम्मान इस प्रकार होगा।

1. यहाँ का शिक्षक कौन है? **1**

(क) छोटू (ख) पागल

(ग) लेखक (घ) युवक

2. उस रात को मिले सम्मान को लेखक सर्वश्रेष्ठ क्यों मानते हैं? **2**

सूचना : 'दिल्ली में उनींदे' संस्मरण का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 3 और 4 के उत्तर लिखें।

> हमने दो मोड़ पार कर लिए हैं, लेकिन न उसकी खाँसी रुकती है, न उसका ऑटो। इसके बाद ही मैं उसका चेहरा देखती हूँ। ड्राइविंग आईने में। "यह खाँसी कब से है?" मैं पीछे बैठी पूछती हूँ। "होगी कोई दस-बारह साल से।"

Score

3. नीचे दिए प्रस्ताव को पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(i) ऑटोवाला गरीब आदमी है।

(ii) ऑटोवाला गाँव के घर में सोता है।

(iii) ऑटोवाला खाँसी से परेशान है।

(iv) खाँसी के कारण ऑटोवाला गाड़ी रोकता है।

(क) (i) और (ii) सही हैं। (ख) (i) और (iv) सही हैं।

(ग) (iii) और (iv) सही हैं। (घ) (i) और (iii) सही हैं।

4. संस्मरण के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 5 और 6 के उत्तर लिखें।

"चल, न तेरी न मेरी, डेढ़ सौ पर पीस!" "अच्छा दीदी! ठीक है! लो, रंग पसंद कर लो!" कुछ सोचते हुए उसने कहा और गठर पत्नी के सामने सरका दिया। पत्नी ने पाँच शॉलें अलग कर लीं और मेरी ओर देख रुपए देने का इशारा किया।

5. 'चल, न तेरी न मेरी, डेढ़ सौ पर पीस!' - यह किसने किससे कहा? 2

6. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य विस्तार करें। 3

(शॉल, ट्रेन में, रंगीन)

युवती बेचती है।

....

....

....

Score

सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 7 और 8 के उत्तर लिखें।

> बेचारा केशव दिन को रुआँसा पड़ा रहता, मगर रात को सपने में वह अपने को अक्सर क्रिकेट खेलता देखा करता। उसके हाथों में नया बल्ला और सिर पर झक व्हाइट कैप होती। टाँगों पर शानदार मोटे पैड कसे होते। मोटे मेंढ़क की तरह दिखते अपने उस रूप की कल्पना पर वह मन-ही-मन मुस्कुराता।

7. केशव मन-ही-मन मुस्कुराता है। क्यों? 2

8. अपने सपने के बारे में केशव और माँ के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

अथवा

बल्ला और बॉल न मिलने से केशव बहुत दुखी हुआ। इसपर उसके माता और पिता के बीच की **बातचीत** लिखें।

सूचना : रहीम का दोहा पढ़ें, प्रश्न 9 का उत्तर लिखें।

> रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय।
> टूटे पै फिर ना जुरे, जुरे गाँठ परी जाय।।

9. दोहे के आधार पर लिखें। 2

(क) इस दोहे में किसका महत्व बताया गया है?

(ख) 'प्रेम के सूत्र को झटके से मत तोड़ो' - यह आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें।

Score

सूचना : 'परी लड़की' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।

> दो दिन बाद, एक दोस्त ने मुझे एक दावत पर आमंत्रित किया। वहाँ एक लड़की आएगी। "तुम्हें वो लड़की पसंद आएगी" -उसने डिनर के लिए जाते समय कार में कहा। मुझे वह पसंद आई। एक नर्स, दयालु, होशियार। हरी आँखें, जीवन से भरी हुई। उनमें कुछ ऐसा था जो मुझे जाना-पहचाना लगा। उसने कहा कि उसका नाम रोमा है।

10. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। **1**

(क) दावत (ख) आँख

(ग) जीवन (घ) हरी

11. दावत पर हरमन एक लड़की से मिला। हरमन की उस दिन की **डायरी** लिखें। **4**

अथवा

दावत पर आई लड़की के बारे में बताते हुए हरमन अपनी माँ को पत्र लिखता है। हरमन का पत्र कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'गैलीलियो' लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।

> बारह साल का एक लड़का चाँद को देखते हुए एक पहाड़ी पर चढ़ रहा था। उसे लगा कि चाँद भी उसके साथ-साथ चढ़ रहा है। उसे बड़ा मज़ा आया। कुछ देर बाद वह चाँद देखते हुए उतरने लगा। अब उसे लगा जैसे चाँद भी उसके साथ-साथ उतर रहा है।

12. लड़के को क्यों बड़ा मज़ा आ गया? **2**

13. जुलाई 20 विश्व चंद्र दिवस है। इस अवसर पर सरकारी विद्यालय, कानपुर में विज्ञान प्रदर्शनी होने वाली है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। **4**

Score

सूचना : 'सिला बीनती लड़कियाँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 14 का उत्तर लिखें।

> धान-कटाई के बाद
> ख़ाली खेतों में
> वे रंगीन चिड़ियों की तरह उतरती हैं
> सिला बीनने झुंड की झुंड
> और एक खेत से दूसरे खेत में
> उड़ती फिरती हैं

14. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

अथवा

कवितांश के आधार पर **विश्लेषणात्मक टिप्पणी** लिखें।

सूचना : नीचे का खंड पढ़कर 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> ट्रेन चल रही थी। मैं खिड़की के पास बैठी थी। सभी यात्री बातों में मशगूल होने लगे। एक बूढ़ा आदमी तेज़ी से डिब्बे में आया। उसके सिर पर मिठाइयों की टोकरी थी। वह सिर्फ सामान बेचने वाला नहीं था। वह बीच-बीच में तालियाँ बजाता था। साथ ही गीत गाता था।

15. ट्रेन के चलते ही सभी यात्री क्या करने लगे? 1

(क) तालियाँ बजाने लगे। (ख) गीत गाने लगे।

(ग) बातें करने लगे। (घ) मिठाई खाने लगे।

16. निर्देशानुसार उत्तर लिखें। 2

(क) 'उसके' में निहित सर्वनाम कौन-सा है?

(ख) नमूने के अनुसार लिखें :

ट्रेन **चलती है**।	ट्रेन चल **रही है**।
व्यापारी गीत **गाता है**।	व्यापारी..................।

17. बूढ़ा आदमी क्या बेचता था? 1

-o0o-